हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

18 दिसम्बर, 1991

खण्ड 2, अंक 2

अधिकृत विवरण

विशय सूची

बुधवार, 18 दिसम्बर, 1991

पृश्ठ संख्या

तारांकित प्र न एवं उत्तर	(2)1
नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित प्र न का लिखित उत्तर	(2)27
अतारांकित प्र न एवं उत्तर	(2)33
नियम 30 के अधीन प्रस्ताव	(2)34
विभिन्न विशयों पर उठाया जाना	(2)34
वर्श 1991–92 के सप्लीमैंटरी ऐस्टिमेट्स (फर्स्ट इन्सटालमैंट) पर चर्चा तथा मतदान–	
(i) राज्य के राजस्वों पर प्रभारित व्यय के अनुमानों पर चर्चा	(2)40
(ii) अनुपूरक अनुदानों की मांगों पर चर्चा तथा मतदान	(2)40

हरियाणा विधान सभा

बुधवार, 18 दिसम्बर, 1991

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर–1, चण्डीगढ़ में प्रातः 9.30 बजे हुई। अध्यक्ष (ई वर सिंह) ने अध्यक्षता की।

तारांकित प्र न एवं उत्तर

श्री अध्यक्षः मैम्बर साहेबान, अब सवाल होंगे।

Industrial Training Institutes in the State

***22. Shrimati Chandravati:** Will the Minister of State for Industrial Training & Vocational Education be pleased to state-

(a) the total number of Industrial Training Institutes in the State at present;

(b) the details of the machines installed for imparting training to the students in each of the Institute as referred to in part (a) above; and

(c) the number of machines out of those as referred to in part (b) above which are out of order for the last six years; and

(d) whether there is any proposal under consideration of the Government to open more Industrial Training Institutes in the State during this financial year; if so, the details thereof?

औद्योगिक प्र ाक्षण राज्य मन्त्री (चौधरी तेजेन्द्र पाल सिंह मान): इस सवाल के बारे में जवाब यह है:–

(क) 28 आई0टी0आइज0 हमारे प्रदे ा में काम कर रही हैं जिनमें से 3 खास तौर पर महिलाओं के लिये हैं।

(ख) मोटे तौर पर 8 कैटेगरीज की म ाीनरी है। बाकी छोटी–मोटी म ाीनरी तो बे ाुमार है। अगर हम इन सारी म ाीनरीज की फेहरिस्त बनाने लगें तो 6–7 सौ सफे लग जायेंगे और इससे कोई खास मकसद अचीव नहीं हो पायेगा। बेकार में लम्बी चौड़ी एक्सरसाईज हो जायेगी।

(ग) कोई भी म ाीनरी ऐसी नहीं है जो 6 साल से ज्यादा अर्से से खराब पड़ी है। जो कोई भी खराब होती है, उसे हम वक्तन–फवक्तन ठीक कराते रहते हैं। कुछ तो आई0टी0आईज0 के बीच में ही ठीक करा लेते हैं। अगर कोई वारंटी पीरियड में होती है तो वारंटी वालों से ठीक कराते हैं। बाकी अगर जरूरत पड़े तो बाहर से भी ठीक करवाते हैं। आज की तारीख में कोई ऐसी म ाीनरी नहीं है तो 6 साल से ज्यादा अर्से से खराब पड़ी हो।

(घ) इस वित्त वर्श के अन्दर इन आई0 टी0 आईज0 में कोई एक्सपैं ान करने का विचार नहीं है।

श्रीमती चन्द्रावती: जनाब, बात ऐसे है कि इतने लम्बे चौड़े जवाब की बात तो नहीं थी। मुझे इन आई0 टी0 आईज0 के

बारे में पर्सनल पता है। मैं उस हिसाब से यह कह सकती हूं कि इनमें सारी की सारी म ाीनें खराब पड़ी हैं। वहां पर पढ़ने वालों के लिये कोई प्रैक्टिकल ट्रेनिंग नहीं होती। बच्चों को केवल किताबें पढ़ा दी जाती हैं। मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहती हूं कि क्या उन्होंने कभी इंस्पैक ान करके देखा है कि इन आई0 टी0 आईज0 में म ाीनें सब की सब ठीक भी हैं या नहीं।

चौधरी तेजेन्द्र पाल सिंह मानः मैडम, मैं सब की सब जगह तो नहीं गया हूं। हां, बहुत सी जगह पर गया हूं। जहां–जहां पर भी मैं गया हूं, वहां पर मैंने म ाीनें ठीक देखी हैं। वहां पर स्टाफ की कमी जरूरी थी। 40 परसैंट के करीब सटाफ कम था। लिहाजा हमने मुख्य मंत्री जी की सहमति से अब एस0 एस0 एस0 बोर्ड द्वारा उनके लिये इन्टरव्यूज होल्ड करा लिये हैं। उनको भरने के लिये बहुत सा समय कर्टेल करने की और प्रोसैस को जल्दी करने की कोि ा ा की है। हमें आ ाा है कि हम जल्दी ही स्टाफ की पूर्ति कर लेंगे। जब ऐसा हो जायेगा तक क्वालिटी आफ एजुके ान भी अच्छा दे पायेंगे। म ाीनरी तो है लेकिन पिछले 4 साल से वहां पर स्टाफ पूरा नहीं था।

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, म ाीनरी तो आई0 टी0 आईज0 में है ही नहीं। अगर हैं तो खराब पड़ी हैं। अगर मिनिस्टर साहब गलत ब्यानी करेंगे तो उसका क्या इलाज होगा। हम यह चाहते हैं कि आप इस बारे में इनको डायरैक्ट करें। हम चाहते हैं कि बच्चों को स्किल्ड लेबर बनायें ताकि वह अपनी

इंडस्ट्रीज लगा सकें। इसी वजह से मैंने यह सवाल पूछवाया था। मैं गर्व के साथ एक बात कह सकती हूं कि हमने प्रताप सिंह कैरों से संयुक्त पंजाब के समय में कहकर यह ट्रेनिंग स्कूल खुलवाये थे। आज इनकी हालत बहुत खराब है। हमारी सरकार इनकी तरफ कोई ध्यान नहीं देती। वहां पर अव्वल तो म ाीनें हैं ही नहीं, अगर हैं भी तो खराब पड़ी हैं। इसी लिये इन्होंने उसका पूरा ब्यौरा नहीं दिया है।

चौधरी तेजेन्द्र पाल सिंह मानः अध्यक्ष महोदय, ऐसी बात बिल्कुल भी नहीं है वहां पर म ाीनरी नार्म्ज के मुताबिक पूरी है। सैंट्रल गवर्नमैंट ने इसके लिये कुछ नार्म्ज तय कर रखे हैं। उन नार्म्ज को फुलफिल किये बगैर कोई आई0 टी0 आई0 खुल ही नहीं सकती। जब तक कोई वहां पर पार्टीकुलर कैटेगरी आफ म ाीनरी ही नहीं होगी तो किसी पार्टीकुलर ट्रेड को हम वहां पर खोल ही नहीं सकते। खोलने का एक ही आधार है, सैंट्रल गवर्नमैंट इसके लिये म ाीनरी की इंस्पैक ान करती है और म ाीनरी की कास्ट को कांट्रीब्यूट करती है। गवर्नमैंट आफ इंडिया म ाीनरी की कास्ट का 60 परसैंट कान्ट्रीब्यूट करती है। लिहाजा सारी म ाीनरी वहां पर तैनात हे। मौके पर मौजूद है। अगर मोहतरिमा देखना चाहेंगी तो हम इनको दिखा भी देंगे। (ाोर)

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): मंत्री जी ने बिल्कुल ठीक ही कहा है। बहिन जी हमें कोई पार्टीकुलर जगह बतायें कि फलां जगह मैं गयी थी और वहां पर म ाीनरी ठीक नहीं थी। यूं

ही वेग एलीगे ान लगाने का कोई मतलब नहीं है कि वहां पर म ीनरी ही नहीं है। यूं ही ऐसीगे ान लगाने के कोई मायने नहीं है। बहिन जी, बहुत पुरानी मैम्बर हैं। मंत्री भी रही हैं। आप हमें बताएं कि फला जगह मैं गयी थी, वहां पर म ीनरी ठीक नहीं है। हम आपकी तसल्ली करायेंगे।

श्रीमती चन्द्रावतीः अभी तो मैं गयी नहीं हूं। (ाोर व व्यवधान) ऐसे है कि मेरा यह काम नहीं है कि मैं कहीं जाऊं। मुझे तो स्टुडैंट्स बताते हैं। आखिर हर जगह पर हम नहीं जा सकते हमें तो लोग बताते रहते हैं। (व्यवधान व भाोर) हम तो आपसे सवाल ही पूछ सकते हैं। मुझे महेन्द्रगढ़ के कुछ ट्रेनिज ने जो इन आई0 टी0 आईज0 के स्टुडैंट्स हैं, ने यह सब कुछ बताया है। वहां के बारे में तो मैं कह सकती हूं।

चौधरी भजन लालः किसी ने लिख कर दिया हो मुझे दे दो।

श्रीमती चन्द्रावतीः मुझे जुबानी बताया है।

चौधरी तेजेन्द्र पाल सिंह मानः जो भी आपके पास इन्फर्मे ान है, वह आप हमें दें, हम अगर कोई कभी होगी तो उसे पूरा करवा देंगे। (ाोर व व्यवधान)

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, मैंने जो सवाल पूछा था, इन्होंने उसका पूरा जवाब नहीं दिया है।

चौधरी तेजेन्द्र पाल सिंह मानः अगर हम सारी म ीनरी की डिटेल देने लगें तो 600, 700 के करीब सफे बनेंगे। क्या आप चाहेंगे कि इतनी फयूटाईल एक्सरसाईज एक छोटे से मसले के लिये की जाये। इनके पास कोई भी इत्तलाह हो, यह हमारी नौलेज में लायें। हम वि वास दिलाते हैं कि हम जल्दी से जल्दी उसको ठीक करा देंगे।

प्रो0 राम बिलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने अपने जवाब में बताया है कि लगभग 40 परसैन्ट पोस्टें खाली पड़ी हैं और कई आई–टी–आईज ऐसी भी हैं जहां पूरी की पूरी पोस्टें खाली पड़ी हैं। मैं तीन दिन पहले महेन्द्रगढ़ आई0 टी0 आई0 में गया था तो उन्होंने बताया कि वहां पर ड्राफटमैन्स की ट्रेनिंग के लिये कोई टैक्नीकल टीचर ही नहीं है और न ही कोई लेथ म ीनें ही हैं जो कि डिजाइनिंग के लिये प्रयोग में आती हैं। यह सब मैं अपनी आंखों से देखकर आया हूं। इसलिये मैं आपके द्वारा मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि जिन जिन आई0 टी0 आईज0 में टैक्नीकल टीचर्ज या दूसरी ट्रेडज के टीचर्ज नहीं है वहां पर बच्चों की डिमांड को ध्यान में रखते हुए टीचर्ज नियुक्त करने पर गौर करेंगे ताकि बच्चों को ट्रेनिंग में किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े?

चौधरी तेजेन्द्र पाल सिंह मानः अध्यक्ष महोदय, मैंने पहले भी बताया कि जब मुख्य मंत्री महोदय जी के नोटिस में यह बात आई कि कई आई0 टी0 आईज0 में टैक्नीकल टीचर्ज वगैरह

की कमी है तो उन्होंने इस मामले को बड़ी तेजी के साथ प्रोसैस करवाया। इसके लिये एस0 एस0 एस0 बोर्ड द्वारा इंटरव्यू भी हो चुकी है और बहुत जल्द ही सिलैक ान होने के बाद टीचर्ज अपनी अपनी जगहों पर तैनात हो जायेंगे और आई0टीआईज0 का काम सुचारू रूप से चल पड़ेगा। पिछली सरकार ने पिछले चार सालों से आई0टी0आईज0 की हालत काफी खराब कर रखी थी जिसको सुधारने के लिये समय लगना स्वाभाविक ही है। हमारे माननीय मुख्य मंत्री महोदय ने बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए बहुत सी बाधाओं को दूर करते हुए और समय को घटाते हुए टीचर्ज की सिलैक ान को पूर्ण करवाया है।

श्री अमर सिंहः अध्यक्ष महोदय, इन्होंने कहा कि म ानरीज तो है लेकिन स्टाफ की कमी है तो मैं आपके द्वारा मन्त्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि कौन कौन से ऐसे आई0टी0आईज हैं जिनमें स्टाफ की कमी है और वह कमी कब तक पूरी कर दी जाएगी?

चौधरी तेजेन्द्र पाल सिंह मानः अध्यक्ष महोदय, मेरे विचार में यह अपनी किस्म का अगल ही प्र न बन गया है। इस बारे में मैम्बर साहेबान दोबारा प्र न पूछें तो हम उसका उत्तर दे देंगे क्योंकि इस वक्त न्युमैरिकली ढूढ़ना या जुबानी बताया नहीं जा सकता।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, मैं सदन को यह बताना चाहता हूं कि जिस जिस आई0टी0आईज0 में स्टाफ की

कमी है वहां 15 दिनों के अन्दर अन्दर स्टाफ की कमी पूरी कर दी जाएगी। प्रान्त में कोई ऐसा आई0टी0आई0 नहीं होगा जहां पर स्टाफ की कमी होगी और ट्रेनिंग बाकायदा चलती रहेगी ताकि बच्चों को किसी भी प्रकार की परे ाानी का सामना न करना पड़े। (तालियां)

प्रो0 सम्पत सिंहः अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने बहिन चन्द्रवती जी के प्र न के उत्तर में बताया कि म ाीनरीज की डिटेल्ज के बारे पूछे गये विवरण को तैयार करने में काफी परिश्रम लगेगा और उसका कोई खास फायदा नहीं होगा। मैं इनसे यह जानना चाहता हूं कि ऐसी कौन–2 बड़ी बड़ी म ाीनरीज हैं जिनसे ये बच्चों को ट्रेनिंग देते हैं ताकि बाद में बच्चे उसी वोके ान को अडाप्ट कर सकें या कोई और सरकार के टैक्नीकल वोके ान में जा सकें। किस तरह ट्रेनिंग के लिये ये बच्चों की तैयार करते हैं? बहन चन्द्रावती जी ने काह कि मैंने आज तक कहीं जाकर नहीं देखा। मेरी आपके द्वारा सरकार से यह रिक्वैस्ट है कि बहन चन्द्रावती जी की अध्यक्षता में सरकार एक कमेटी बना दे ताकि वे लोग वहां जाकर खुद देख लें कि आई0टी0आईज0 में बच्चों को कौन–कौन सी वोके ानल ट्रेनिंगज दी जा रही है जिसके लेने के बाद बच्चे आत्मनिर्भर बन सकते हों? क्या सरकार इस तरह की कोई कमेटी बनाने की विचार रखती है?

चौधरी तेजेन्द्र पाल सिंह मानः अध्यक्ष महोदय, अभी सम्पत सिंह जी ने पूछा है परन्तु बहुत लम्बी लिस्ट आफ म ाीनरी

है। 80 के करीब तो मेजर म ाीनें हैं, लेथ म ाीनें हैं, ड्रीलींग म ाीनें हैं, भोपरज म ाीनें हैं, प्लेनरज हैं, टीथ कटिंग म ाीनें हैं, ग्राफिंग म ाीनें हैं और बेलडिंग म ाीनें हैं, कई ट्रैक्टरज हैं, मोल्डिंग म ाीने हैं। अब किस–किस का नाम लिया जाए।

श्रीमती चन्द्रावतीः अध्यक्ष महोदय, पर ये म ाीनें सारी की सारी खराब हैं।

चौधरी तेजेन्द्र पाल सिंह मानः बहन जी आपकी निगाह अपनी तरह की है। हम जो देखकर आए हैं वे तो चलती म ाीनें हैं लेकिन आप हमारी बड़ी बहन हैं और अगर अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से आप कहीं देखना चाहे तो हम आपको साथ लेकर चलेंगे।

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, ये इतना तो बता दें कि ये कौन कौन से वोके ान की ट्रेनिंग देते हैं ताकि बच्चे वहीं वोके ान अडाप्ट करे सकें। इसमें गवर्नमैंट का ही फायदा है। केवल पालसी मैटर ही तो बताना है।

चौधरी तेजेन्द्र पाल सिंह मानः अध्यक्ष महोदय, तकरीबन 43 ट्रेड हैं जिनमें हम बच्चों को ऐडमि ान देते हैं। इसमें फरीदाबाद में, यमुना नगर में, गुड़गांव में तरह–तरह के बच्चियों के लिए भी ट्रेड हैं। टेलरिंग–कटिंग के हैं, म ाीनिश्ट के हैं, बैलडर्ज के हैं, ट्रैक्टर मैकेनिक्स के हैं, मोटर मैकेनिक्स के हैं और प्लास्टिक ट्रेड है। ये सारे 43 ट्रेड हैं और यदि आप चाहेंगे तो

आप को उनकी लिस्ट देने में कोई देरी नहीं होगी। लेकिन आप प्र न कर दीजिए, हम उसका उत्तर दे देंगे।

श्री कृश्ण लालः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से एक सवाल पूछना चाहूंगा। गांव कथूरा जिला सोनीपत में आई0टी0आई0 के अन्दर सतबीर नामक एक सहायक है जो हरिजन जाति से सम्बन्ध रखता है। वहां पर जो प्रिंसीपल है वह उच्च जाति का लगा हुआ है। उस प्रिंसीपल ने छुआछुत के कारण उसका पानी का मटका भी अलग रखवा दिया है और सतबीर सिंह नामक व्यक्ति ने जब उसके खिलाफ आवाज उठाई तो उसको सस्पैंड कर दिया गया। (ोम– ोम) उसने बार–बार मंत्री जी से दरख्वास्त करी है। मंत्री जी उसके बारे में क्या निर्णय लेंगे, वह बता दें?

चौधरी तेजेन्द्र पाल सिंह मानः अध्यक्ष महोदय, यह जो इन्होंने कहा है यह बिल्कुल इररेलेवैन्ट सवाल है। यह जो कुछ भी हुआ होगा इनके जमाने में हुआ होगा। हमारे समय में ऐसा कभी नहीं हुआ। इनके जहन में यह पुरानी बात है।

प्रो0 सम्पत सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैम्बर कह रहे हैं कि मैंने मंत्री जी के नोटिस में ना दिया है तो मंत्री जी बताएं कि क्या उनके नोटिस में आया है या नहीं आया है।

Mr. Speaker: It has got no relevancy with this question.

चौधरी तेजेन्द्र पाल सिंह मानः अध्यक्ष महोदय, मेरे नोटिस में पहले ऐसी कोई बात नहीं आई है। परन्तु आज आई है, इसको देख लेंगे। इसके बारे में पता कर लेंगे और यदि हरिजन की जाति के आधार पर किसी ने कोई गलत काम किया होगा तो उसकी सख्त से सख्त सजा देंगे।

Upgradation of Schools in the State

***27. Shri Amar Singh:** Will the Minister for Education be pleased to state the constituency-wise number of schools upgraded from Primary to Middle, Middle to High and High to 10+2 system in the State during the years 1985-86, 1986-87, 1987-88 and 1991-92 to-date?

ि ाक्षा मन्त्री (श्रीमती भाान्ति देवी राठी): सूची विधान सभा के पटल पर रखी जाती है।

STATEMENT

Constituency wise number of schools upgraded during 1985-86, 1987-88 & 1991-92

		1985-86			1986-87			1987-88			1991-92		
Sr.	District/ Constituency	pry. to Middle	Middel to High	High to Sr. Sec.	pry. to Middle	Middel to High	High to Sr. Sec.	pry. to Middle	Middel to High	High to Sr. Sec.	pry. to Middle	Middel to High	High to Sr. Sec.
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
Ambala/Yamuna Nagar District													
1.	Ambala Cantt.	1	1		2	1						2	
2.	Ambala City		1	1							1		
3.	Mullana	1	1	2	3	2					1	1	1

4.	Naraingarh	2	1	1	1	1					1	1	
5.	Sadhaura	3	1	1		1					1	1	
6.	Kalka			2	7	2	1				1	2	
7.	Naggal				2	1						1	1
8.	Yamuna Nagar	1	2	1	2	1							2
9.	Jagadhari	1		1	4								
10.	Chhachhrauli	1	1	1		1					1		1
Bhiwani District													
1.	Bhiwani	2		2		1					1		
2.	Tosham	1	1	1	8	7							2
3.	Badhra	3			2	2					2	2	1

4.	Mundal	1		1		1							
5.	Dadri	4	1	5	4	2							1
6.	Loharu		1	2	5	2							1
7.	Bawani Khera		2	2	6	1							1
Faridabad District													
1.	Ballabhgarh	2		2	12	3						1	1
2.	Faridabad	1	1	4	3	2						1	1
3.	Meowla Maharajpur	1	1		1	3						1	1
4.	Palwal	1	1	2	3	1							
5.	Hassanpur		1	1	2	1						1	1

6.	Hathin			2	2	2						1	1
Gurgaon District													
1.	Sohna	1	1	1	2	1					2		1
2.	Pataudi	3	1	2	2	1							
3.	Firojepur Zhirka	2		2	1	1						1	
4.	Nuh	1	1		1	1					1	1	1
5.	Gurgaon		1	3	3	1						1	1
6.	Taoru			2	4	2					1	1	
Hisar District													
1.	Ghirai	2	2	2	2	1						1	1
2.	Adampur	2	5	3	1							3	5
3.	Ratia	2	1	1	1								

4.	Fatehabad	2		2	2						1	2	1
5.	Tohana	2	0	1	1						1	1	
6.	Bhattu Kalan	1	1	1	1								2
7.	Hansi		1	2	1	2						1	1
8.	Barwala		2	2	2	1					1	2	
9.	Narnaund			1									
10.	Hissar			2	2								
Jind District													
1.	Safidon	1	2	2	2	1						1	1
2.	Kalayat	1	2	1	2	1							1
3.	Rajaund	1		2	4	1							

4.	Jind	2	1	1	4	1						2	
5.	Narwana	2	4		3	3						1	1
6.	Uchana	1	2	2	3	2						1	1
7.	Julana		1	1	3	2							
Kurukshetra District													
1.	Shahabad	1	1	1	2	2					2		1
2.	Radaur	2	1		3	2							
3.	Thanesar	1	2	1	2							1	1
4.	Guhla	2	1		2	1							1
5.	Pundri	2	1		4	1					2	1	1
6.	Kaithal	1	2	3	3	1						1	1
7.	Pehowa		1		2	1						1	1
8.	Pai		1	1	2	2							1

Karnal District													
1.	Karnal	1		2	1							1	1
2.	Gharaunda	1	2	1	4	1					1		1
3.	Nilokheri	1	1	1	1	2						2	1
4.	Indri			2		1							
5.	Jundla	1		1	1	2						1	1
6.	Assandh	1	2	1	3	2							
7.	Panipat	1		1								1	1
8.	Samalkha		1	2	5							1	2
9.	Naultha	1	2	2	3	2					1		
Narnaul/Rewari District													
1.	Narnaul	1	2	1	2	1						1	
2.	Ateli	1	1	2	4	2					1	1	1

3.	Mohindergarh	1	2	2								1	1
4.	Rewari	2	1	2	2	1						1	1
5.	Bawal	2	2	2	3	1						1	1
6.	Jattusana		2	2	4	1						1	1
Rohtak District													
1.	Kalanaur	1	2	1	2	1						2	1
2.	Kiloi		1	1		1						1	1
3.	Beri			2								1	
4.	Salhawas	3	1	2	4	1							
5.	Jhajjar	1		1	2	3						1	1
6.	Badli			3		1							2
7.	Hassangar		1	1									

	h												
8.	Rohtak			2							1		1
9.	Hahadurgarh			2							1		1
10.	Meham			2	1							1	1
Sirsa District													
1.	Rori	5	5	3	2						2		
2.	Dabwali	1	2	2	1	2						1	1
3.	Sirsa	2	1	1	1	1					1		1
4.	Elnabad	4	1	1								1	1
5.	Darba Kalan	2	1	1	2	2							
Sonipat District													

1.	Kailana	1	1	1	2	1					2	1	2
2.	Baroda	2		2	1	1							
3.	Rai		2	1	2	2						1	1
4.	Sonepat	3		1	1							2	2
5.	Gohana		1	1	2	2						1	1
6.	Rohat				4						4	1	3

श्री अमर सिंहः स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से जानना चाहूंगा कि हाई से सीनियर हाई सकेन्डरी स्कूल बनाने का क्राइटेरिया क्या है और प्राईमरी से मिडिल और मिडिल से हाई स्कूल बनाने का क्राइटेरिया क्या है? क्या पौलिटिकल क्राइटेरिया तो नहीं है क्योंकि आदमपुर में 5 और बाकी किसी हल्के में एक भी स्कूल अपग्रेड नहीं हुआ है ऐसा इस सूची से लगता है।

श्रीमती भाान्ति देवी राठीः अध्यक्ष महोदय, मेरे माननीय सदस्य भाई श्री अमर सिंह जी ने पूछा है कि 10 जमा 2 स्कूल बनाने के लिए हमारा क्राइटेरिया क्या है। अध्यक्ष महोदय, हमारे को बिल्डिंग चाहिए जिसमें कम से कम 14 कमरे हों, उसके लिए स्टाफ हो, स्टाफ रूम हो, स्टोर हो। इस तरह का सारा प्रावधान हो जो मापदण्ड में आता है तो 10 जमा 2 स्कूल बनाया जा सकता है। किन्तु जनहित को हमे ाा ध्यान में रखा जाता है।

मुख्य मन्त्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, अमर सिंह ने कहा है कि आदमपुर में 5 स्कूल अपग्रेड कर दिए गए हैं और बाकी जगह एक भी स्कूल अपग्रेड नहीं किया है। अध्यक्ष महोदय, ऐसा नहीं है। आदमपुर हल्के की पोजी ान आप जानते हैं। पिछले चार साल में चौधरी देवी लाल जी के राज में उस हल्के में कोई तरक्की का काम नहीं किया गया था, किसी आदमी को नौकरी नहीं दी गई थी। कहते थे कि कहां का है, आदमपुर का है तो जाओ वहां तो पहले ही बहुत कुछ हो लिया है। इसलिए अध्यक्ष महोदय, जो हल्के बहुत पीछे रह गए हैं उनको दूसरे

हल्कों के बराबर लाना मेरा कर्तव्य बनता है। इसमें कोई झिझक नहीं है। बाकी कोई ऐसी बात नहीं है।

श्री सतबीर सिंह कादियानः हमारे समय में आदमपुर में भी स्कूल अपग्रेड हुए हैं। यह गलत ब्यानी कर रहे हैं।

श्री धीरपाल सिंहः अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री जी सदन को गुमराह कर रहे हैं। किसी नौकरी के मामले में कोई ऐसी बात नहीं थी। आदमपुर हल्के में पटवारियों की भर्ती हुई उसमें इनके हल्के के आदमी लगाये गए। लेकिन इन्होंने विरोधी पार्टी के विधायक के हल्के में कोई भी स्कूल अपग्रेड नहीं किया है। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः बैठिए धीर पाल सिंह जी।

चौधरी जिले सिंह जाखड़ः स्पीकर साहब, अभी इन्होंने कहा कि जिस हल्के में 12–14 कमरे हैं उस स्कूल को अपग्रेड कर देंगे। मैं अपने हल्के की ही मिसाल देता हूं। साल्हावास हल्के के बिरोहड़ गांव में एक हाई स्कूल है वहां पर लोगों ने चन्दा इकट्ठा करके बिल्डिंग बनायी है वहां 28 कमरे हैं और यह बिल्डिंग 10 प्लस 2 स्कूल में अपग्रेड करने के लिए उपयुक्त है। ऐसी बिल्डिंग हरियाणा में किसी स्कूल में नहीं है हमने तीन दफा स्कूल को अपग्रेड करने के लिए लिखकर भेजा लेकिन वह रिजैक्ट कर दिया गया। मै। इनसे यह जानना चाहता हूं कि क्या यह अब स्कूल को अपग्रेड कर देंगे? इसके साथ साथ मैं इन्हें यह बताना

चाहता हूं कि इन्होंने स्कूल अपग्रेड करने का क्राइटेरिया तो बता दिया है लेकिन इनके नोटिस में क्या यह बात है या नहीं कि मुख्य अध्यापक भी महीने में एक बार आकर सारे महीने की हाजिरी लगा जाते हैं। ऐसे तीन उदाहरण मैं इनको साल्हावास, खानपुर, बिरोहड़ के दे सकता हूं जहां पर मुख्य अध्यापक रोहतक से आते हैं और सारे महीने की हाजिरी लगा जाते हैं। दूसरे इनसे यह पूछना चाहूंगा कि एस0डी0ई0ओ0, डी0ई0ओ0 भी कोई चैकिंग करते हैं या नहीं?

श्रीमती भाान्ति देवी राठीः स्पीकर साहब, यह जो विधान सभा में कह रहे हैं आप इनसे पूछिये कि क्या कभी इन्होंने इस बारे में मुझसे ि ाकायत की या लिखकर भेजा? अगर इन्होंने ऐसा किया होता तब हम अब तक इस पर विचार करते (विध्न) आप यहां पर भाशण न दें कृपया प्र न पूछिये, उसका आपको टू दि प्वायंट जवाब मिलेगा।

चौधरी वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, अभी मुख्य मंत्री साहब ने खड़े होकर यह कहा कि आदमपुर हल्के के साथ बड़ा भारी भेदभाव पिछली सरकारों द्वारा किया गया था। आदमपुर को बड़ा इग्नौर किया गया है और किसी की कोई बात नहीं पूछी और न ही कोई स्कूल अपग्रेड हुआ तथा न ही किसी बच्चे को नौकरी पर लगाया गया। यह जो स्टेटमैंट स्कूल के अपग्रेड ान के बारे में बांटा गया है अगर उसे देखा जाए तो यह पता लगता है कि कालम 3 से लेकर 14 तक (1985 से 1991–92 तक) कुल 19

स्कूल आदमपुर हल्के में अपग्रेड हुए हैं। लेकिन इन कालम्स में देखने से यह पता चलता है कि नारनौंद के केवल एक स्कूल ही अपग्रेड हुआ है। क्या मुख्य मंत्री जी बताएंगे कि जो भी मुख्य मन्त्री जी आते हैं क्या वे अपनी कांस्टीच्यूएंसी के अलावा और कोई काम नहीं करते? क्या वे अपने हल्के के ही मुख्य मन्त्री होते हैं और हरियाणा की बाकी प्रजा की तरफ उनका ध्यान नहीं रहता? अगर दूसरे हल्कों की तरफ भी उनका ध्यान रहता है तो हल्का नारनौंद में कम से कम दस स्कूलों को अपग्रेड करने की मांग है। क्या मुख्य मन्त्री जी इस तरफ गौर करेंगे?

चौधरी भजन लालः चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी बहुत पुराने मैम्बर हैं और इन भाइयों से कुछ बात भी अच्छी करते हैं। इन्होंने कहा कि आदमपुर में बहुत ज्यादा स्कूल बन गए। अगर आप कहते हैं कि नारनौंद में केवल एक स्कूल अपग्रेड हुआ है तो वहां के लोगों की यह बड़ी भारी भूल है जो आपको चुन कर भेजते हैं। पिछले चार साल में से एक साल तो मैं कह सकता हूं कि आप चौधरी देवी लाल के साथ नहीं थे। तीन साल तो आप सर्वे सर्वा थे।

चौधरी वीरेन्द्र सिंहः तीन साल नहीं, दो साल।

चौधरी भजन लालः चलो दो साल सही। दो साल के लिए तो आप खुद मानते हैं कि आप देवी लाल के नाक के बाल रहे। तो दो साल में आप केवल एक स्कूल अपग्रेड करवा पाए।

ऐसा करके आने वहां के लोगों की नुमायंदगी ठीक नहीं की। सरकार तो लोगों की आव यकता के मुताबिक स्कूल अपग्रेड करती है। जहां सर्विस देने की बात होती है वहां सर्विस भी देते हैं। 1987 में जब चुनाव हुए थे तो उस समय इस प्रदे ा में कांग्रेस के 5 मैम्बर चुन कर आए थे जिनमें से एक मेरी धर्मपत्नी जसमा देवी भी थी। उस समय आदमपुर हल्के का जब भी नाम बाता था तो कह देते थे कि वहां क्या जरूरत है वहां तो पहले ही बहुत स्कूल अपग्रेड हो गए हैं। इन लोगों को आदमपुर से बहुत नफरत थी। ऐसा होने से पिछले चार सालों में वहां के लोगों ने बहुत सफर किया। अब उन लोगों के साथ हम इन्साफ करेंगे। अगर नहीं करेंगे तो मैं उस इलाके को सही मायनों में नुमायंदगी नहीं कर पाऊंगा।

श्री पीर चन्दः अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे टाइम देकर बड़ी कृपा की। क्या ि ाक्षा मन्त्री महोदया बताएंगी कि यह बात उनके नोटिस में है कि मेरे हल्के रतिया में जाखल मण्डी का स्कूल दस जमा दो में अपग्रेड किया गया था और बाकायदा उसकी चिट्ठी गई थी लेकिन वह अभी तक चालू नहीं हुआ है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या वह कैंसिल हो गया है अगर नहीं, तो जाखल स्कूल को कब तक चला देंगे?

श्रीमती भाान्ति देवी राठीः अध्यक्ष महोदय, पीर चन्द जी मेरे बड़े भाई हैं और बड़े सीनियर मैंबर हैं। ये इस बात को आज विधान सभा में कह रहे हैं जबकि पिछले दिनों में मेरे को बार

बार मिलते रहे हैं। पिछले दिनों में ये मेरी नालेज में किसी स्पैसिफिक स्कूल के बारे में कोई बात नहीं लाए।

श्री पीर चन्दः स्पीकर साहब, इन्होंने यह कह कर टाल दिया कि पिछले दिनों मैंने इनके नोटिस में ऐसी कोई बात नहीं लाई। मैंने इन्हें और कामों के लिए कहा था मगर इन्होंने यह जवाब दिया कि हम अपोजि ान वालों का काम नहीं करते। लेकिन मैं यहां पर आपके द्वारा प्रार्थना करना चाहता हूं कि मैं उस स्कूल को चलवाना चाहता हूं।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इस सदन में जितने भी माननीय सदस्य हैं चाहे वे इस साइड में बैठे हैं या उस साइड में, हम सब का सम्मान करते हैं। जहां भी पब्लिक इन्ट्रैस्ट की बात होती है वहां हम सब को सम्मान देते हैं। कोई भी जनता की तकलीफ की बात हो चाहे स्कूल अपग्रेड करने की हो या सड़क बनाने की हो जो जायज तकलीफ है उसको दूर करने का हमारा फर्ज बनता है। स्पीकर साहब, ये कहते हैं कि स्कूल के बारे में चिट्ठी गई थी लेकिन आज तक क्लास चालू नहीं की गई। स्पीकर साहब, चिट्ठी के बारे में हम दिखवा लेगे। स्पीकर साहब, मैं सदन को बताना चाहता हूं कि पिछली सरकार ने जाते–जाते मार्च महीने में 350 स्कूल अपग्रेड कर दिए। बजट में 2 करोड़ 72 लाख रुपये का प्रोवीजन था लेकिन उस सरकार ने 350 स्कूल अपग्रेड कर दिए जिन पर छः करोड़ रुपया खर्च आना था। मार्च के महीने में उस सरकार ने अगले साल के लिए स्कूल अपग्रेड कर

दिए। स्पीकर साहब, उस सरकार ने यह नहीं देखा कि कोई स्कूल अपग्रेडे ान के नार्म भी पूरा करता है या नहीं, वहां पूरे विद्यार्थी भी हैं या नहीं हैं और दूसरे स्कूल अपग्रेड होने वाले स्कूल से कितनी दूर हैं। उस स्कूल में कितने कमरे हैं यह भी नहीं देखा। कोई चीज उस सरकार ने नहीं देखी। स्पीकर साहब, हमारी सरकार आने के बाद हमने सारी पोजी ान रिव्यू की। पहले वाले सारे स्कूल जिनको अपग्रेड किया गया था, उनको कैन्सिल किया। कायदे कानून के मुताबिक जो स्कूल अपग्रेडे ान का नार्म पूरा करता था और सारी कंडी ान पूरी करता था उस स्कूल को अपग्रेड किया। स्पीकर साहब, चौधरी पीर चन्द के स्कूल का नाम अगर उस लिस्ट में होगा तो पन्द्रह दिन के अन्दर वहां क्लासें चालू हो जाएंगी।

श्री दरयाव सिंह राजौराः स्पीकर साहब, मेरे यहां एक ढाकला स्कूल है। वहां पर हरिजन बच्चों को जो वर्दी दी गई है उसका कपड़ा बहुत ही खराब है। मैं उस कपड़े का सैम्पल लाया हूं। यह कपड़ा आप देख सकते हैं कि कितना खराब है (ोम भोम)

Mr. Speaker: This supplementary does not arise out of the main question (Noise).

श्री दरयाव सिंह राजौराः स्पीकर साहब . . . . . (ाोर एवं व्यवधान) . . . . . । (ाोर)

(इस समय माननीय सदस्य श्री दरयाव सिंह राजौरा ने कपड़ा ि ाक्षा मंत्री की ओर फैंका। (ाोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker: The conduct of the member is most undesirable and unbecoming (Noise). Whatever he has said without permisison may be expunged (Noise). The member should apologise for his conduct.

(At this stage, several members rose to speak.)

Mr. Speaker: I would request all the members to please take their seats. (Noise & Interruptions) Let the member first apologise.

श्री दरयाव सिंह राजौराः अध्यक्ष महोदय, मैं नया मैम्बर हूं। मुझ से गल्ती हो गई। भावनाव ा मुझ से गल्त काम हो गया। मैं हरिजन हूं और हरिजन बच्चियों के दु:ख के कारण मैं भावना में बह गया था और मुझ से गल्त काम हो गया। इसलिए जो कुछ मैंने किया है उसके लिए मुझे माफ किया जाए।

10.00 बजे

श्री धीर पाल सिंहः स्पीकर साहब, माननीय सदस्य ने माफी मांग ली है। वह नए सदस्य है। इसलिए उनको इस बात की जानकारी नहीं थी (ाोर)।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, आपने सही बात कही। हम माननीय सदस्य की इज्जत करते हैं लेकिन इनका बात करने का जो तरीका था वह ठीक नहीं था। इस तरह से हाउस में

कपड़ा फैकने का तरीका वाकई ही गलत था। आपने भी उस बात को महसूस किया और सारे हाउस ने उस बात को कंडैम किया है। लेकिन क्योंकि उस बात के लिए माननीय सदस्य ने माफी मांग ली है। अब मैं सभी माननीय सदस्यों से निवेदन करूंगा कि वह वातावरण को भाांत रखें। (ाोर)

वित्त मन्त्री (श्री मांगे राम गुप्ताः स्पीकर साहब, उन्होंने क्या माफी मांगी है, हमने नहीं सुना। (ाोर) उनको दोबारा हाउस के सामने माफी मांगनी चाहिए। (ाोर)

जन स्वास्थ्य मन्त्री (चौधरी जगदी ा नेहरा): स्पीकर साहब, इनको हाउस के सामने खड़े हो कर बहन जी से माफी मांगनी चाहिए वरना इसे ऐक्सपैल कर दिया जाए। (ाोर)

Mr. Speaker: I will request you all to please take your seat.

श्री धीर पाल सिहंः स्पीकर साहब, माननीय सदस्य ने माफी मांग ली है। (ाोर)

आवाजें: उन्होंने जो माफी मांगी है वह हमें सुनाई नहीं दी। (ाोर)

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य कह रहे हैं कि उन्होंने जो माफी मांगी है वह सुनाई नहीं दी इसलिए महरबानी करके माननीय सदस्य उसको रीपीट कर दें कि उनसे गलती हो गई और आयंदा वह ऐसी गलती नहीं करेंगे। (ाोर)

Mr. Speaker: The hon. member may please repeat what he had said.

श्री दरयाव सिंह राजौराः स्पीकर साहब, मैं नया सदस्य हूं इसलिए मेरे से गलती हो गई। मैं उसके लिए बहन जी तथा हाउस से माफी चाहता हूं।

Mr. Speaker: All right, now the matter ends here. Next Question.

Allotment of sites to Rehri Pullers in Karnal City

***11. Shri Jai Parkash:** Will the Minister of State for Local Government be please to state-

(a) the number of Rehri Pullers in Karnal City, who have been issued licences by the Municipal Committee, Karnal so far; and

(b) whether there is any scheme under consideration of the Government to allot permanent site to the persons as referred to in part (a) above; if so, the details thereof togetherwith the time by which the site is likely to be allotted to them?

स्थानीय भाासन राज्य मंत्री (चौधरी धर्मबीर गाबा):

(क) 474 लाईसैंस।

(ख) नहीं। इस प्रकार का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

श्री जय प्रका ाः स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह कहना चाहूंगा कि करनाल भाहर में जिन 474 रेहड़ी चलाने वालों को लाईसैंस दिए हुए है उनके लिए जगह का प्रावधान किया जाना चाहिए क्योंकि पिछली सरकार के समय में उनसे मंथली ली जाती थी। इसके अलावा पिछली सरकार ने करनाल भाहर को चौधरी देवी लाल जी के भाई के दामाद को कन्यादान के रूप में दिया हुआ था। (ाोर)

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, माननीय सदस्य ने चौधरी देवी लाल जी के बारे में जो बात कही है वह ऐक्सपंज होनी चाहिए। माननीय सदस्य को सप्लीमैंटरी पूछनी चाहिए। बोलने का यह कोई तरीका नहीं है। (ाोर)

आवकारी एवं कराधान मन्त्री (श्री ए0सी0 चौधरी): अभी थोड़ी देर पहले आप अपने सदस्य के बारे में कह रहे थे कि वह नए सदस्य हैं इसलिए उन्होंने ऐसी बात कह दी। अब हम कह रहे हैं कि ये भी नए सदस्य हैं इसलिए इन्होंने ऐसी बात कह दी। इसमें ऐक्सपंज होने वाली क्या बात है। (ाोर)

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, आप फैसला करें कि क्या यह सप्लीमैंटरी करने का तरीका ठीक है।

श्री अध्यक्षः जय प्रका ा जी, आप सवाल पूछें।

श्री जय प्रका ाः स्पीकर साहब, पिछली सरकार के समय में उन रेहड़ी वालों को पुलिस के द्वारा हटाया जाता था। मैं

पूछना चाहूंगा कि क्या उनके लिए कोई जगह देने का प्रावधान किया है ताकि उनकी रेहड़ी कहीं निि चत जगह पर खड़ी हो सके।

चौधरी धर्मबीर गाबा: मैं माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि रेहड़ी लगाने वाले लोगों को लाईसैंस इसलिए दिए जाते हैं ताकि वे अपना सामान बेच सके। उनको परमानैंट जगह नहीं दी जाती। जैसा मैंने बताया कि वाहं पर 474 लोगों को लाईसैंस दिए हुए हैं। कल को यह संख्या 3 या 4 हजार तक भी पहुच सकती है। अगर इस परमानैंट जगह देने लग गए तो फिर हमारे पास इतनी जगह भी नहीं है कि हम सभी को कोई निि चत जगह दे सकें। जिस जमीन देने के बारे में आप कह रहे हैं वह जमीन म्युनिसिपल कमेटी की नहीं है बल्कि इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट की है। कुछ लोगों ने वह जमीन इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट से लीज पर भी ली हुई है।

श्री जय प्रका ा: अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि वहां पर एक मीना बाजार है। उसमें काफी लोग रेहड़ी लगाते हैं। इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट ने उन लोगों को पक्की जगह देने का आ वासन दिया हुआ था। मैं जानना चाहता हूं कि क्या उनको कोई निि चत जगह दी जाएगी या नहीं?

चौधरी धर्मबीर गाबा: स्पीकर साहब, मैं पहले ही कह चुका हूं कि वहां पर जमीन म्यूनिसिपल कमेटी की नहीं है बल्कि

इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट की है। जिस जमीन को ये उनको दिए जाने की बात कर रहे हैं उस जमीन का कोर्ट से स्टे मिला हुआ है। जब तक उसका फैसला नहीं हो जाता तब तक कुछ नहीं हो सकता। हां कुछ थड़े वालों को कुछ निि चत जगह दिए जाने की बात हम कन्सीडर कर रहे हैं।

Tubewells Connections

***19. @Shri Hari Singh Nalwa,**

Prop. Chhattar Singh Chauhan

Shri Pir Chand: Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state

(a) the circle-wise number of applications of Electricity connections for tubewells, if any, lying pending in the State as at present togetherwith the details of period since when such applications are lying pending; and

(b) the time by which the aforesaid electricity connections are likely to be released?

Irrigation & Power Minister (Shri Shamsher Singh Surjewala): A statement is laid on the Table of the House.

STATEMENT

(a) The Cirlce-wise details of number of pending applications for tubewells alongwith the period of pendency ending Octorber, 1991 is as follow:-

No. of Pending Applications

Name of	Upto 3	3 to 6	6 months	1 to 2	2 to 3	more	total
1	2	3	4	5	6	7	8
Ambala	294	378	791	1124	1161	1061	4809
Karnal	795	1043	1620	2865	2420	2833	11576
Kurukshetra	1012	899	1042	1871	1639	1873	8336
Faridabad	202	214	364	415	198	101	1494
Sonepat	848	511	868	752	829	437	4245
Gurgaon	635	601	1044	855	621	96	3852
Sirsa	369	327	861	1125	1179	1313	5174
Bhiwani	485	251	566	790	899	511	3502
Jind	446	603	857	1050	1007	698	4701
Rohtak	284	358	299	471	266	224	1502
Narnaul	886	576	1041	1436	2397	991	7327
Hisar	439	509	823	1112	1529	869	5281
Total	**6695**	**6270**	**10176**	**13906**	**14145**	**11007**	**62199**

(b) The receipt of new applications and release of connections is a continuous process. Connections to new applications are released in order to seniority as per annual

target which is pre-decided after taking into consideration the availability of resources. To expedite release of tubewell connections during current year, the original target of releasing 10,000 connections has been revised recently to 20,000 and a crash programme has been launched to achive the target for which various measures have been taken.

श्री हरि सिंह नलवाः अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने एक स्टेटमैंट सदन की टेबल पर रखी है। अब तक 62,199 ऐप्लीके ान टयूबवैलज के कनैक ान की पैंडिंग हैं। यह फिगर्ज इन्होंने 3 महीने से लेकर 3 साल तक या उससे ऊपर के अर्से की दी है। साथ ही यह भी कहा है कि जो पहले हम हर साल 10 हजार कनैक ान देते थे अब 20 हजार साल के देंगे। मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि अगर 20 हजार के हिसाब से भी हर साल नए कनैक ान देंगे तो भी साढ़े तीन साल का समय इस बैकलोग को खत्म करने में लग जायेगा। ये कनैक ान लेने वाले काफी छोटे छोटे लोग हैं और जिनकी जीविका केवल कृशि पर ही आधारित है। इन किसानों के पास किन्हीं के पास 2 एकड़ तो किन्हीं के पास 3 या 5 एकड़ जमीन है। इसलिए मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि किसानों के हित को देखते हुए, प्रान्त के हित को देखतेहुए और दे ा के हित को देखते हुए क्या सरकार इस बात पर विचार करेगी कि इनकी एक साल में ही टयूबवैलज के कुनैक ान मिल सकें। इसके अलावा दूसरा मेरा सवाल यह है कि पिछली सरकार ने 5 या 7 हजार रुपये जो किसान जमा करा देता था तो उसको प्रायरिटी बेसिज पर

टयूबवैल्ज के कुनैक ान दे दिए जाते थे। मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या वह प्रथा अब बंद कर दी गई है या नहीं? अगर बंद नहीं की गई है तो क्या उसको बंद किए जाने पर विचार करेंगे?

श्री भाम ोर सिंह सुरजेवालाः स्पीकर साहब, जो ये 62 हजार से ज्यादा ऐप्लीके ान्ज टयूबवैल्ज कनैक ान की पैंडिंग हैं ये तीन साल से ज्यादा की अवधि की है। स्पीकर साहब, असल में ऐप्लीके ान कितनी पैंडिंग हैं, इस बात का कुछ पता नहीं लगता क्योंकि कुछ ऐप्लीके ान्ज ऐसी हैं जिनके होने के बावजूद अल्टीमेटली टयूबवैल कनैक ान नहीं लेते। कहने का मतलब यह है कि कुछ लोग सीरियस नहीं हैं हालांकि उनकी टैस्ट रिपोर्टस तो पड़ी है। हमारे पास इस वक्त जो टैस्ट रिपोर्टस तीन साल से ज्यादा समय की है, वे 2,977 हैं। टोटल टैस्ट रिपोर्टस अक्तूबर, 1991 तक की 28,624 पड़ी हैं। इस सरकार के आने से पहले तीन–चार साल से यह कनैक ान्ज के लिये टैस्ट रिपोर्टस फाईल–अप होती चली गयी। आज से चार साल पहले जो निकम्मी सरकार थी, यह उसी की कृपा थी हालांकि वह किसानों की हमदर्द होने का दावा करती थी और उनके लिये बड़े–बड़े आंसू बहाती थी। मैं आपको यह भी बताना चाहता हूं कि 1988–89 में इनकी सरकार ने 12,000 कनैक ान्ज का टारगेट फिक्स किया लेकिन कनैक ान सिर्फ 6,000 दिये। इसी तरह से 1989–90 में इन्होंने 20,000 कनैक ान्ज का टारगेट फिक्स किया लेकिन दिये

सिर्फ 16,000। कहने का मतलब यह है कि टारगेट कभी पूरे नहीं कर सकी। पहले जो सरकार का 10,000 कनैक ान्ज का टारगेट था, हमने उसको बढ़ाकर 20,000 तक फिक्स किया है ताकि किसानों की ज्यादा से ज्यादा मदद की जा सके। 20,000 कनैक ान्ज पर 45 करोड़ रुपया बिजली बोर्ड का खर्च होगा। इसके लिये हमारे मुख्य मंत्री महोदय ने बिजली बोर्ड से यह कहा है कि सरकार तुम्हें मदद देगी ताकि किसानों के कनैक ान्ज जो इनके राज में इकट्ठे हो गये थे, वे उनको जल्दी दिये जा सकें। अध्यक्ष महोदय, 20,000 कनैक ान्ज इस नीति के तहत हम देंगे। इस तरह से जहां तक पुरानी नीतियों का सवाल है, वह इन्होंने एन्टी फार्मर्ज बनायी। कांग्रेस के राज में एच0टी0 और एल0टी0 कनैक ान के लिये अलग–अलग प्रायारिटी होती थी। आपको पता है कि एल0टी0 का तो केवल एक कनैक ान होता है जिस पर कुछ खर्च नहीं होता। वह तो तुरन्त दिया जा सकता है। एच0टी0 कनैक ान के लिये ट्रांसफार्मर लोड कंडक्टर चाहिये। इसी तरह से सौ किस्म का सामान चाहिये। यानी काफी जुगाड़ चाहिये। इन्होंने दोनो को मर्ज करके एक कर दिया। अब जब दोबारा से कांग्रेस पार्टी का राज आया तो हमने दोबारा सैग्रीगेट किया है। इन्होंने ज्वायंट प्रायरिटी इसलिये बना दी ताकि ट्रांसफार्मर के कनैक ान के पीछे यानी एच0टी0 वाला एल0टी0 के पीछे खड़ा रहे। इस सरकार ने आते ही इस पूरी नीति को दोबारा रिव्यू करके अलग–अलग प्रायरिटी कर दी। एल0टी0 कनैक ान के लिये इन्होंने 5,000 रुपये किसान से निर्धारित कर रखे थे कि वह देगा

तब कनैक ान सरकार देगी। उसमें 10–20 मीटर तार लगती है। उसके लिये उससे 5,000 रुपये रख लिये कि यह पैसा सरकार लेगी तभी कनैक ान देंगे। अब हम 5,000 रुपये तो क्या 5 रुपये भी नहीं लेंगे। हम उसको कनैक ान रिलीज कर देंगे। हमने पैसा लेने का सिस्टम अबौलि ा कर दिया है। एक इन्होंने रिस्ट्रिक ान और लगा दी। ऐसी लगायी ताकि किसान को कनैक ान ही न मिल सके। 25 के0बी0ए0 से बड़ा ट्रांसफार्मर आप यूज नहीं कर सकते क्योंकि क्षमता थोड़ी है। (व्यवधान) मैं हाउस को बताने लग रहा हूं। आपको तो पता ही नहीं है। यही तो दिक्कत की बात है। मै। इस सरकार की नीति बताने लग रहा हूं। सतबीर सिंह जी, नीति तो हम ही बतायेंगे, आप तो नहीं बतायेंगे। पहले इनकी सरकार ने 25 के0बी0ए0 की रिस्ट्रिक ान लगा रखी थी। हमने वह रिस्ट्रिक ान खत्म करके अब 63 और 100 के0बी0ए0 के ट्रांसफार्मर भी यूज कर सकते हैं, ऐसा हमने कर दिया है। एक काम इन्होंने और किया था। टैस्ट रिपोर्ट के लेने पर पाबन्दी लगा दी थी। इस सरकार ने आने के बाद यह कह दिया है कि 31 मार्च, 1911 तक की टैस्ट रिपोर्ट तो सक की लो और जिस सब–डिवीजन में 50 से कम कनैक ान्ज के लिये टैस्ट रिपोर्ट पैंडिंग हैं, वहां की लेटैस्ट चाहे आज की भी हो, वह भी ले लो। इस तरह से किसानों की हितैशी, इस सरकार ने फैसले किये हैं।

श्री राम पाल सिंह कंवरः स्पीकर साहब, आई0पी0एस0 साहब ने यह बताया है कि ऐप्लीके ान्ज के नम्बर से यह जायजा

सही नहीं लगया जा सकता कि वाकई वे लोग कनैक ान लेना चाहते हैं या नहीं लेना चाहते हैं। मैं उनकी इस बात से सहमत नहीं हूं। जो लोग ऐप्लीके ान देते हैं, वह कनैक ान लेने के लिये ही देते हैं। भाायद ही कोई एक परसैंट आदमी ऐसे होंगे जिसने सीरीयसली ऐप्लीके ान न दी हो और वह कनैक ान न लेना चाहता हो। मंत्री महोदय ने यह भी कहा कि टैस्ट रिपोर्ट ये यह पता चलता है कि कितने लोगा कनैक ान लेना चाहते हैं। एक बात मैं इस बारे में यह कहना चाहता हूं कि किसान लोन लेकर मोटर लगवाता है। जब तक मोटर नहीं लगती, तब तक वह टैस्ट रिपोर्ट नहीं दे सकता। यह बिजली बोर्ड की तरफ से कंडी ान है। ऐसी हालत में मैं मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं कि जिन लोगों की ऐप्लीके ान आयी हुई है, क्या वह उनको डिमांड नोटिस देंगे। डिमांड नोटिस दिये बगैर वे टैस्ट रिपोर्ट नहीं दे सकते। डिमांड नोटिस इ ाू होने के बाद जब उनकी टैस्ट रिपोर्ट आयेगी तो कितने दिनों के बाद वह कनैक ान दे देंगे ताकि किसान जो अपनी मोटर वगैरह लगवाने के लिये लोन लेता है, उस पर ब्याज का भी बोझा पड़ता है, उससे परे ाान न हो।

श्री भाम ोर सिंह सुरजेवालाः अध्यक्ष महोदय, इस सरकार ने 31 मार्च, 1991 तक के डिमांड नोटिसिज इ ाू करवा दिये हैं। पिछली सरकार ने बन्द कर रखे थे। 20 हजार कनैक ान्ज हम 31 मार्च, 1991 तक दे देंगे और बाकी के 28 हजार में से 8 हजार जिनकी टैस्ट रिपोर्टस हमारे पास आई है

